सूचना और प्रसारण मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

डीडी फ्री-डिश, राष्ट्रीय स्तर पर पहुँच के लिए एक प्लेटफार्म के रूप में उभरा

Posted On: 08 APR 2022 4:20PM by PIB Delhi

टेलीविजन के माध्यम से पूरे भारत में आम लोगों तक सार्वजनिक और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच बनाने में डीडी फ्री-डिश प्लेटफॉर्म से बहुत अधिक बढ़ावा मिला है। सार्वजनिक सेवा के कार्यादेश के अनुरूप, प्रसार भारती की डीडी फ्री-डिश, महामारी के दौरान लोगों की सेवा करने के लिए अपने प्लेटफार्म के माध्यम से बड़े पैमाने पर सार्वजनिक पहुंच और प्रसार को सक्षम बना रही थी। जब पारंपरिक शिक्षा प्रणाली महामारी के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना कर रही थी, तो इसके समाधान के लिए डीडी फ्री-डिश ने कई शैक्षिक चैनलों के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया था। इस प्रकार, पूरे भारत में छात्रों के लिए शिक्षा की निरंतर सुविधा सुनिश्चित की गयी। हाल में जारी दर्शकों के आंकड़े भी डीडी फ्री-डिश द्वारा पूरे भारत में टेलीविजन के माध्यम से सार्वजनिक और राष्ट्रीय स्तर पर पहुँच बनाने के एक प्लेटफार्म के रूप में निभाई जा रही केंद्रीय भूमिका का समर्थन करते हैं।

परीक्षा पे चर्चा 2022 के कुल दर्शकों में से 33 प्रतिशत दर्शकों ने डीडी फ्री-डिश प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न टीवी चैनलों पर इस कार्यक्रम को देखा। उल्लेखनीय है कि कई उद्योग अनुमानों ने भारत के कुल टीवी घरों के लगभग 20 प्रतिशत घरों में डीडी फ्री-डिश के स्थापित आधार की बात कही है। राष्ट्रीय पहुंच के बारे में डीडी फ्री-डिश के महत्व को इस तथ्य द्वारा रेखांकित किया गया है कि गणतंत्र दिवस परेड 2022 के कुल दर्शकों में से 26 प्रतिशत ने इस कार्यक्रम को डीडी फ्री-डिश पर उपलब्ध विभिन्न चैनलों पर देखा।



2000 के दशक की शुरुआत में अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई वाली एनडीए सरकार द्वारा शुरू की गई, डीडी फ्री-डिश, जिसे तब डीडी डायरेक्ट प्लस के नाम से जाना जाता था, को बाद में 2004 में लॉन्च किया गया था। श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान पुनरुद्धार के बाद, डीडी फ्री-डिश

प्लेटफार्म का हाल के वर्षों में तेजी से विकास हुआ है। 2015 के बाद से पिछले 7 वर्षों में, डीडी फ्री-डिश के सदस्यता आधार में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। हाल में जारी फिक्की-ईवाई 2022 रिपोर्ट के अनुसार; डीडी फ्री-डिश, 43 मिलियन से अधिक घरों तक पहुंच के साथ टीवी वितरण उद्योग में सबसे बड़े प्लेटफार्म के रूप में उभरा है, जबकि कुछ विश्लेषकों का अनुमान है कि यह संख्या और भी बड़ी हो सकती है।

प्रसार भारती की डीटीएच सेवा, डीडी फ्री-डिश एकमात्र फ्री-टू-एयर (एफटीए) डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा है, जहां दर्शक को कोई मासिक सदस्यता शुल्क नहीं देना पड़ता है। इसके लिए केवल लगभग 2000 रुपये का एक छोटा सा एकमुश्त निवेश आवश्यक है, जो डीडी फ्री-डिश सेट-टॉप बॉक्स की खरीद के लिए किया जाता है।

https://prasarbharati.gov.in/free-dish/

डीडी फ्री-डिश पर वर्तमान चैनल सूची (लाइन-अप) में कुल 167 टीवी चैनल और 48 रेडियो चैनल हैं, जिनमें 91 दूरदर्शन चैनल (51 सह-ब्रांड वाले शैक्षिक चैनल के साथ) तथा 76 निजी टीवी चैनल शामिल हैं।

चैनलों की नवीनतम लाइन-अप के लिए डीडी फ्री-डिश सेट-टॉप बॉक्स को कैसे सेट करें, इसके लिए कृपया मार्गदर्शन करने वाला संक्षिप्त वीडियो नीचे देखें।



****

एमजी/एएम/जेके/डीवी

(Release ID: 1815010) Visitor Counter : 67

Read this release in: English , Marathi , Punjabi , Tamil